# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

## कराधान सहायक परीक्षा–2022

### –::परीक्षा योजना::–

(अ) अंक–योजना :–

| परीक्षा | प्रश्नों की संख्या | पूर्णांक | अवधि |
|---|---|---|---|
| खंड 'अ'– मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान | 50 | 150 | 3 घंटे |
| खंड 'ब'– विषय– वाणिज्य | 100 | 300 | |
| योग | 150 | 450 | |
| साक्षात्कार | - | 50 | |
| कुल अंक | - | 500 | |

(ब) प्रश्न पत्र योजना :–

1. परीक्षा का आयोजन एक सत्र में 03 घंटे की अवधि का होगा।
2. खंड (अ) विषय– मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान से खंड–'अ' में 50 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे तथा खंड–'ब' में विषय से संबंधित प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। इस प्रकार प्रश्न पत्र में खण्ड 'अ' तथा 'ब' मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल होंगे। प्रत्येक प्रश्न 03 अंको का होगा, इस तरह प्रश्न पत्र के पूर्णांक 450 अंक होंगे ।
3. प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पीय) प्रकार का होगा। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु चार विकल्प (A,B,C,D) होंगे। अभ्यर्थी को उक्त विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करना होगा।
4. प्रश्न पत्र के दो भाग होंगे– भाग–(अ) सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र में 40 प्रतिशत अंक एवं भाग–(ब) विषय से संबंधित 40 प्रतिशत अंक पृथक–पृथक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस प्रकार मेरिट दोनों खंडों के अंकों को जोड़कर बनेगी। परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन (3R-W)=प्राप्तांक पद्धति से होगा।

   **{R= सही उत्तरों की संख्या, W = गलत उत्तरों की संख्या}**

   अर्थात् प्रत्येक सही उत्तर के लिये 3 अंक प्रदाय किए जाएँगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा।
5. प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगा।
6. **साक्षात्कार :–**

   साक्षात्कार 50 अंकों का होगा। साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक निर्धारित नहीं हैं।

(स) चयन–प्रक्रिया :–

1) चयन–प्रक्रिया के प्रथम चरण में एक प्रश्न पत्र की ऑफलाइन पद्धति (OMR Sheet आधारित) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

2) परीक्षा उपरान्त परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की प्रावधिक उत्तर कुंजी तैयार कर आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित कर 07 दिवस की अवधि में आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर कोई विचार एवं पत्राचार नहीं किया जाएगा । आपत्ति हेतु दिया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों पर आयोग द्वारा गठित विषय–विशेषज्ञ समिति द्वारा आपत्तियों पर विचार कर निम्नांकित कार्यवाही की जाएगी :–

   1. ऐसे प्रश्न जिनका प्रावधिक कुंजी में दिए गए विकल्पों में से गलत उत्तर दिया गया है और विकल्पों में अन्य विकल्प सही है, तब प्रावधिक उत्तर कुंजी को संशोधित किया जाएगा ।
   2. प्रश्न पत्र में अनुवाद की भाषा में भिन्नता की स्थिति में केवल हिन्दी अनुवाद ही मान्य होगा।
   3. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में एक से अधिक सही उत्तर है, सभी सही उत्तरों को मान्य किया जाएगा ।
   4. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में एक भी सही उत्तर न हो, प्रश्न को प्रश्न–पत्र से विलोपित किया जाएगा ।
   5. विषय–विशेषज्ञ समिति द्वारा समस्त अभ्यावेदनों पर विचार करने के पश्चात् अंतिम उत्तर कुंजी बनाई जाएगी तथा आयोग द्वारा वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। अंतिम उत्तर कुंजी के प्रकाशन के पश्चात् अभ्यर्थियों के कोई भी आपत्ति/पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जाएगा । विषय–विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम होगा ।
   6. उपरोक्तानुसार समिति द्वारा विलोपित किए गए प्रश्नों को छोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी के अनुसार अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कर परीक्षा–परिणाम घोषित किया जाएगा।

3) परीक्षा में प्राप्तांक के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न प्रवर्गों हेतु विज्ञापित रिक्तियों के अधिकतम 3 गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु सफल घोषित किया जाएगा।

4) परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु आवेदक को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक खंड 'अ' तथा खंड –'ब' में पृथक पृथक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश के अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निःशक्तजन श्रेणी के आवेदकों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु 10–10 प्रतिशत अंकों की छूट दी जाएगी इस प्रकार उक्त श्रेणी के आवेदकों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक खंड 'अ' तथा खंड 'ब' में पृथक–पृथक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

5) परीक्षा परिणाम के साथ ही अभिलेख–प्रेषण हेतु अंतिम तिथि निर्धारित कर परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से उनकी अर्हता से संबंधित सभी अभिलेख प्राप्त किए जाएँगे तथा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा जो अभिलेखों की सूक्ष्म जाँच उपरान्त अर्ह पाए जाएँगे।

6) साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिये अनर्ह माना जाएगा। साक्षात्कार के लिए आवेदकों को बुलाने के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

7) उपर्युक्त पदों पर अंतिम चयन प्रतियोगी परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के श्रेणीवार गुणानुक्रम आधार पर होगा।

8) आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक

# कराधान सहायक परीक्षा–2022

## पाठ्यक्रम

## खण्ड–'अ'– मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान

1. **मध्यप्रदेश का इतिहास, संस्कृति एवं साहित्य**

- मध्यप्रदेश के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएँ, प्रमुख राजवंश।
- स्वतंत्रता आन्दोलन में मध्यप्रदेश का योगदान।
- मध्यप्रदेश की कला एवं संस्कृति।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियाँ एवं बोलियाँ।
- प्रदेश के प्रमुख त्योहार, लोक संगीत एवं लोक कलाएँ।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख साहित्यकार एवं उनकी रचनाएँ।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख व्यक्तित्व।

2. **मध्यप्रदेश का भूगोल**

- मध्यप्रदेश के वन, पर्वत तथा नदियाँ।
- मध्यप्रदेश की जलवायु।
- मध्यप्रदेश के प्राकृतिक एवं खनिज संसाधन।
- ऊर्जा संसाधन : परंपरागत एवं गैर परंपरागत।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख सिंचाई एवं विद्युत परियोजनाएँ।

3. **मध्यप्रदेश की राजनीति एवं अर्थशास्त्र**

- मध्यप्रदेश की राजनीतिक व्यवस्था (राज्यपाल, मंत्रिमंडल, विधानसभा)
- मध्यप्रदेश में पंचायतीराज व्यवस्था।
- मध्यप्रदेश की सामाजिक व्यवस्था।
- मध्यप्रदेश की जनांकिकी एवं जनगणना।
- मध्यप्रदेश का आर्थिक विकास।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख उद्योग।
- मध्यप्रदेश में कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग।

4. **अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाएँ**

- महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाएँ।
- देश एवं प्रदेश की प्रमुख खेल, प्रतियोगिताएँ एवं पुरस्कार तथा खेल संस्थाएँ।
- मध्यप्रदेश राज्य की प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाएँ।
- मध्यप्रदेश के चर्चित व्यक्तित्व एवं स्थान।

5. **सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी।**

- इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर्स, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी।
- रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स एवं सायबर सिक्यूरिटी।
- ई–गवर्नेन्स ।
- इंटरनेट तथा सोशल नेटवर्किंग साइट्स।
- ई–कॉमर्स।

---XXX---

# TAXATION ASSISTANT EXAM -2022

## (GENERAL STUDIES)

## (Section-'A ')-General Knowledge of Madhya Pradesh, National and International level

1. **History culture and literature of M.P.**
   - Important Historical events and Major dynasties of M.P.
   - Contribution of Madhya Pradesh in the Independence movements.
   - Art, Architecture and culture of M.P.
   - Main Tribes and Dialects of M.P.
   - Main festivals, folk music and folk art of M.P.
   - Important literary figures of M.P. and their literature.
   - Main Tourist places of M.P.
   - Important personalities of M.P.

2. **Geography of the Madhya Pradesh**
   - Forest, Mountain and Rivers of M.P.
   - Climate of M.P.
   - Natural and mineral resources of M.P.
   - Energy Resources: Conventional and Non- conventional.
   - Main irrigation and Power projects of M.P.

3. **Politics and Economy of M.P.**
   - Political system of M.P. (Governor, Cabinet, Legislative Assembly).
   - Panchayati Raj in M.P.
   - Social system of M.P.
   - Demography and census of M.P.
   - Economic development of M.P.
   - Main industries of M.P.
   - Agriculture and Agri based industries in M.P.

4. **Current events of International, National and M.P.**

- Important Contemporaneous events.
- Famous sports competitions; awards and sports institution of the State and country.
- Welfare schemes of M.P. state.
- Famous personalities and Places.

**5. Information and Communication Technology**

- Electronics, computers, information and communication technology.
- Robotics, artificial intelligence and cyber security.
- E- Governance.
- Internet and Social networking site.
- E- Commerce.

**---xxx---**

# कराधान सहायक परीक्षा–2022
## पाठ्यक्रम
## खंड–'ब'– वाणिज्य

इकाई 1 : <u>लेखांकन</u>

- लेखांकन की प्रकृति, उद्देश्य, लेखांकन विधियाँ, लेखांकन प्रक्रिया।
- लेखांकन के मूल सिद्धांत, अवधारणाएँ, परम्पराएं एवं सीमाएँ, लेखांकन समीकरण।
- पूँजीगत एवं आयगत मदें, मूल्य ह्रास एवं इसके लेखांकन की विधियाँ।
- त्रुटियाँ एवं उनका वर्गीकरण, विभिन्न परिस्थितियों में त्रुटियों का सुधार, तलपट तैयार करना।
- समायोजन सहित अंतिम खाते।

इकाई 2 : <u>साझेदारी लेखे</u>

- साझेदारी संलेख, साझेदारों की पूँजी, साझेदारी सामान्य लेखे।
- नये साझेदार का प्रवेश, नया अनुपात एवं त्याग का अनुपात, ख्याति का मूल्यांकन एवं उपचार, नए साझेदार के प्रवेश पर लेखांकन।
- साझेदार के अवकाश ग्रहण या मृत्यु की स्थिति में –ख्याति का उपचार, नया अनुपात एवं लेखांकन।
- साझेदारी फर्म के विघटन संबंधी लेखांकन (दिवालिया सहित)।
- साझेदारी फर्म का एकीकरण, साझेदारी फर्म का संयुक्त स्कंध प्रमण्डल में परिवर्तन।

इकाई 3 : <u>निगमीय लेखे</u>

- अंश पूँजी का निर्गमन, हरण एवं पुनर्निर्गमन, अधिकार अंशों का निर्गमन।
- ऋणपत्रों का निर्गमन एवं शोधन।
- कम्पनी का लाभ–हानि विवरण पत्र एवं स्थिति विवरण (चिट्ठा)।
- लाभांश की घोषणा, लाभों का निपटारा ; बोनस अंशों का निर्गमन।
- अंशों का अभिगोपन ; अंशों की वापसी खरीद।

इकाई 4 : <u>लागत लेखे</u>

- लागत की अवधारणा, उद्देश्य, महत्व, लागत विधियाँ।
- लागत के तत्व (लागत लेखांकन मानक 1 के अनुसार), सामग्री लागत, निर्गमित सामग्री का मूल्यांकन,
- श्रम लागत लेखांकन, मजदूरी भुगतान पद्धतियाँ; उपरिव्ययों का वर्गीकरण अभिभाजन एवं अवशोषण।
- लागत पत्रक, लागत का विवरण पत्रक, उत्पादन खाता, निविदा मूल्य की गणना।
- मशीन घण्टा दर पद्धति ; लागत लेखों का वित्तीय लेखों से मिलान।

इकाई 5 : प्रबंधन

- प्रबंध की अवधारणा, प्रबंधकीय विचारधारा का विकास, प्रबंध का सामाजिक उत्तरदायित्व।
- नियोजन की अवधारणा एवं नियोजन तकनीक ; संगठन की अवधारणा एवं संगठन के प्रकार।
- निर्णयन का परिचय एवं निर्णयन प्रक्रिया ; स्टाफिंग का अर्थ, प्रक्रिया एवं स्टाफिंग विधि।
- नेतृत्व का आशय एवं नेतृत्व शैलियाँ ; अभिप्रेरणा की अवधारणा एवं उसकी विचारधाराएँ।
- निर्देशन का अर्थ, सिद्धांत एवं तत्व ; नियंत्रण का आशय एवं प्रक्रिया।

इकाई 6 : कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली

- कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली का अर्थ, विशेषताएँ एवं घटक।
- कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के लाभ, सीमाएँ तथा कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की मानवीय लेखांकन प्रणाली से तुलना।
- कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की स्थापना के चरण, खाता शीर्षकों का संहिताकरण और पदानुक्रम, खातों का निर्माण।
- लेखांकन सॉफ्टवेयर की सोर्सिंग, लेखांकन सॉफ्टवेयर पैकेज — उपयोग के लिए तैयार, उपभोक्तानुकूल और उपयुक्त पैकेज।
- लेखांकन सॉफ्टवेयर का उपयोग करना, प्रमुख कठिनाइयाँ, सावधानियाँ।

इकाई 7 : अंकेक्षण एवं वाणिज्य के विविध आयाम

- अंकेक्षण का परिचय, उद्देश्य, महत्व एवं अंकेक्षण कार्यक्रम।
- अंकेक्षक के कर्तव्य, अधिकार एवं दायित्व, कम्पनी अंकेक्षक की नियुक्ति।
- सम्पत्तियों एवं दायित्वों का सत्यापन एवं मूल्यांकन, अंकेक्षण प्रतिवेदन।
- उद्यमिता की अवधारणा, कार्य एवं महत्व ।
- ई–कॉमर्स का अर्थ, विशेषताएँ एवं प्रकार ।

इकाई 8 : व्यावसायिक गणित

- औसत का अर्थ, साधारण एवं सांख्यिकीय औसत के प्रकार एवं गणना।
- साधारण एवं परिशोध कमीशन, बट्टे के विभिन्न प्रकार, लाभ एवं हानि।
- अनुपात एवं समानुपात के विभिन्न प्रकार एवं गणना।
- साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज की विभिन्न गणना पद्धतियाँ, समान मासिक किस्त एवं उसके ब्याज की गणना।
- युगपत समीकरण की विभिन्न विधियाँ ; वैदिक गणित का संक्षिप्त इतिहास, त्वरित वैदिक गणना एवं सत्यापन विधियाँ।

इकाई 9 : वस्तु एवं सेवाकर

- वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम के अनुसार महत्वपूर्ण शब्दावली, वस्तु एवं सेवाकर की संरचना एवं वर्गीकरण।
- वस्तु एवं सेवा की आपूर्ति, कर उद्ग्रहण एवं संग्रहण, करयोग्य मूल्य का निर्धारण।
- आगत कर छूट, सम्मिश्रण योजना, ई–वे बिलिंग, ई–इन्वॉइसिंग (e-Invoicing), कर विवरणियाँ।
- कर निर्धारण, सूक्ष्म जाँच, लेखा परीक्षण, प्रवर्तन (enforcement), लेखे एवं अभिलेख।
- एकीकृत वस्तु एवं सेवाकर का अर्थ, उद्ग्रहण एवं संग्रहण, मध्यप्रदेश में वस्तु एवं सेवाकर का संग्रहण।

इकाई 10 : मूल्य संवर्धित कर प्रणाली

- सामान्य परिचय, अवधारणा एवं उत्पत्ति।
- विविध प्रावधान – महत्वपूर्ण परिभाषाएँ, पंजीयन, कर दायित्व।
- विवरण पत्र, आगत कर छूट, कर निर्धारण।
- कर योग्य वस्तुएँ, कर की दरें।
- अतिरिक्त माँग की वसूली, म.प्र. भू–राजस्व संहिता के सुसंगत प्रावधान।

—०—

# TAXATION ASSISTANT EXAM -2022

## Syllabus

## Section 'B' - Commerce

**Unit 1: Accounting**

- Nature of accounting, objectives, accounting methods, accounting process.
- Basics accounting theories, concepts, conventions and limitations, accounting equation.
- Capital and Revenue items, Depreciation and its accounting methods.
- Errors and their Classification, Rectification of errors in different conditions, preparation of Trial Balance.
- Final Accounting with adjustments.

**Unit 2: Partnership Accounts**

- Partnership deed, partner's capital, partnership general accounts.
- Admission of a new partner, new ratio and sacrificing ratio, valuation and treatment of goodwill, accounting on the admission of a new partner.
- Treatment of goodwill in case of retirement or death of a partner, new ratio and accounting.
- Dissolution (including insolvency) of a partnership firm.
- Amalgamation of partnership firm, conversion of partnership firm into Joint Stock Company.

**Unit 3: Corporate Accounts**

- Issue of share capital, forfeiture and re-issue, Issue of rights shares.
- Issue and redemption of debentures.
- Profit and Loss statement and Balance Sheet of the company.
- Declaration of dividend, settlement of profits, issue of bonus shares.
- Underwriting of shares, Buyback of shares.

**Unit 4: Cost Accounts**

- Concept of cost, objectives, importance, costing methods.
- Elements of cost (as per Cost Accounting Standard 1), Material cost, Valuation of material issued.
- Labor cost accounting, methods of wage payment system, classification, apportionment and absorption of overheads.
- Cost Sheet, Statement of Cost, Production Account, calculation of tender price.
- Machine hour rate method, reconciliation of cost accounts with financial accounts.

**Unit 5: Management**

- Concept of Management, development of managerial thought, social responsibility of management.
- Concept of planning and planning techniques, concept of organization and types of organizations.
- Introduction of decision-making and decision-making process, meaning of staffing, process and methods of staffing.
- Meaning of leadership and leadership styles, concept of motivation and motivation theories.
- Meaning, principles and elements of direction, meaning and process of control.

**Unit 6: Computerized Accounting System**

- Meaning of computerized accounting, features and components
- Advantages and limitations of computerized accounting system, comparison of the computerized accounting system with manual accounting system.
- Stages of installation of computerized accounting system, codification and hierarchy of account headings, creation of accounts.
- Sourcing of accounting software, accounting software packages- ready to use, customized and suitable packages.
- Using accounting software, major difficulties, precautions.

**Unit 7: Auditing and Various Dimensions of Commerce**

- Introduction of auditing, objectives, importance and audit programme.
- Duties, rights and responsibilities of auditor, appointment of company auditor.
- Verification and valuation of assets and liabilities, audit reports.
- Concept, functions and importance of entrepreneurship,
- Meaning, characteristics and types of e-commerce.

**Unit 8: Business Mathematics**

- Meaning of average, types and calculation of simple and statistical average.
- Simple and del-creder commission, different types of discount, profit and loss.
- Different types and calculation of ratio and proportion.
- Different calculation methods of simple and compound interest, calculation of equated monthly installment and its interest.
- Different methods of simultaneous equation; Brief history of Vedic Mathematics, quick Vedic calculation and verification methods.

**Unit 9: Goods and Services Tax**

- Important terminology as per Goods and Services Tax Act, structure and classification of Goods and Services Tax.
- Supply of goods and services, levy and collection of tax, determination of taxable value.
- Input tax credit, Composition scheme, e-way billing, e-Invoicing, tax returns.
- Tax assessment, scrutiny, audit, enforcement, accounts and records.
- Meaning of Integrated Goods and Services Tax, levy and collection, Goods and Services Tax collection in Madhya Pradesh.

**Unit 10: Value Added Tax System**

- General Introduction, Concept and origin.
- Miscellaneous provisions – Important Definitions, Registration, Tax liabilities.
- Returns, Input Tax Credit, Tax assessment.
- Taxable Goods, Tax Rates.
- Recovery of additional demand, Relevant provisions of M.P. Land Revenue Code.